दिन—गुरूवार दिनांक— 05 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। संपादक— कृष्ण कुमार लाल
अवधिः— 15 मिनट टंकक— कुमार अभिषेक

---

नमस्कार, ये आकाशवाणी पटना है। अब आप **अभिषेक दास** से प्रादेशिक समाचार सुनिये। पहले मुख्य समाचार.......

01. बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव के लिए सैंतालीस दशमलव पांच प्रतिशत मतदान। मतों की गिनती नौ दिसम्बर को।

02. बीपीएससी ने स्पष्ट किया – सत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा में नॉर्मलाइजेशन की व्यवस्था लागू नहीं होगी। छात्रों से किसी बहकावे में नहीं आने की अपील की।

03. आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत मुजफ्फरपुर जिले को स्वास्थ्य, पोषण और कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए देशभर में पहला स्थान मिला।

04. और, पछुआ हवा की रफ्तार तेज होने के साथ ही प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में ठंड में हुई बढोतरी। अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की और होगी गिरावट।

———————————————————————————

बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव के लिए सैंतालीस दशमलव पांच प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यह पिछले विधान परिषद चुनाव की तुलना में दो दशमलव तीन प्रतिशत अधिक है। मतों की गिनती नौ दिसम्बर को होगी। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मतदान के दौरान कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। उपचुनाव में कुल अठारह उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इनमें जदयू के अभिषेक झा, राजद के गोपी किशन और जनसुराज के विनायक गौतम प्रमुख हैं।

———————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने स्पष्ट किया है कि सत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा में नॉर्मलाइजेशन की व्यवस्था लागू नहीं होगी। आयोग के सचिव सत्य प्रकाश शर्मा ने कहा कि कुछ लोग इस संबंध में अफवाह उड़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विज्ञापन में भी इस तरह की व्यवस्था का जिक्र नहीं था। श्री शर्मा ने छात्रों से बिना किसी बहकावे में आए अपनी तैयारी पर ध्यान देने की अपील की है। इस बीच

आयोग ने कहा है कि कल से परीक्षा के लिए छात्र अपना प्रवेश पत्र डाउन लोड कर सकते हैं।

———————————————————————————

आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत मुजफ्फरपुर जिले को स्वास्थ्य, पोषण और कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए देशभर में पहला स्थान मिला है। नीति आयोग द्वारा अप्रैल से नवम्बर महीने के लिए जारी रैंकिंग में जिले को वित्तीय समावेशन में तीसरा स्थान मिला है। वहीं, बेगूसराय जिले को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन काम करने के लिए अगस्त महीने में देशभर में पहला स्थान मिला है।

———————————————————————————

केंद्र सरकार ने कहा है कि तीन किलोमीटर की परिधि में डाकघर खोले जायेंगे। आज राज्यसभा में पूरक प्रश्नों के उत्तर में संचार राज्यमंत्री चन्द्रशेखर पेम्मासानी ने कहा कि पिछले दस वर्षों में दस हजार पांच सौ से अधिक नये डाकघर खोले गये हैं। इनमें से नब्बे प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। उन्होंने कहा कि नये डाकघरों में से पांच हजार से अधिक वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में हैं। श्री पेम्मासानी ने यह भी कहा कि पिछले पांच वर्षों में डाक विभाग के किसी भी कर्मचारी की छंटनी नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि इस समय देशभर में एक लाख पैंसठ हजार से अधिक डाकघरों में लगभग साढ़े चार लाख कर्मचारी काम कर रहे हैं।

———————————————————————————

केंद्र सरकार ने कहा कि डेटा की लागत मार्च दो हजार चौदह में दो सौ उनहत्तर रुपये प्रति गीगा बाइट थी जो जून दो हजार चौबीस में घटकर आठ रुपये इकतीस पैसे प्रति गीगा बाइट हो गई है। संचार राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासनी ने आज राज्यसभा में यह जानकारी देते हुए कहा कि सरकार ने पिछले दस वर्षों में दूरसंचार क्षेत्र में कई सुधार किए हैं और इससे बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या मार्च दो हजार चौदह में पच्चीस करोड़ पंद्रह लाख थी जो इस वर्ष जून में बढ़कर लगभग सत्तानवे करोड़ हो गई। उन्होंने कहा कि भारत ने दुनिया में सबसे तेजी से फाइव–जी सेवाओं की शुरुआत की है।

———————————————————————————

नगर विकास और आवास मंत्री नितिन नवीन ने कहा है कि पटना मेट्रो के पहले चरण के तहत मेट्रो ट्रेन का परिचालन अगले वर्ष पंद्रह अगस्त से पहले शुरू हो जाएगा। श्री नवीन आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे।

---बाईट---

---

राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने आज पटना में विभागीय अधिकारियों और कर्मियों के लिए कैथी लिपि प्रशिक्षण पुस्तिका का विमोचन किया। डॉ. जायसवाल ने कहा कि इस पुस्तिका में कैथी लिपि से संबंधित सभी जानकारियां उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि इससे कैथी में लिखे दस्तावेजों को समझने में सहूलियत होगी। गौरतलब है कि भूमि सर्वेक्षण में आ रही परेशानियों को देखते हुए राज्य सरकार ने कैथी लिपि में पुस्तक के प्रकाशन का फैसला किया था।

---

प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने वाले नवासी प्रतिशत मरीजों का भव्या पोर्टल पर हेल्थ रिकॉर्ड तैयार कर लिया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार मरीजों का हेल्थ कार्ड तैयार करने में मुंगेर जिला पहले स्थान पर है। वहीं, भागलपुर दूसरे और बांका जिला तीसरे स्थान पर है।

---

प्रदेश में पिछले वर्ष नवम्बर माह की तुलना में इस वर्ष नवम्बर महीने में बारह प्रतिशत अधिक जीएसटी का संग्रह हुआ है। वाणिज्यकर विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार नवम्बर महीने में एक हजार पांच सौ इकसठ करोड़ रूपये संग्रह किए गये हैं, जो पिछले वर्ष इसी अवधि की तुलना में एक सौ तिहत्तर करोड़ रूपये अधिक है।

---

केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया पर चल रहे उस दावे का खंडन किया है, जिसमें कहा जा रहा है कि सरकार अठारह से पैंसठ वर्ष की महिलाओं को निःशुल्क सोलर आटा चक्की मशीन देगी। पत्र सूचना कार्यालय की फैक्ट चेक इकाई ने इस खबर को पूरी तरह फर्जी बताया है। वहीं, पीआईबी ने उस खबर का भी खंडन किया है, जिसमें कहा जा रहा है कि केंद्र सरकार फ्री स्कूटी योजना के तहत बालिकाओं को स्कूटी खरीदने के लिए पंचानवे हजार रूपये देगी।

———————————————————————————————————————

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, इसरो ने आज श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रोबा–थ्री उपग्रह को ले जाने वाले पीएसएलवी सी–फिफ्टी नाईन प्रक्षेपण यान का सफल प्रक्षेपण किया। प्रक्षेपण यान ने श्रीहरिकोटा से शाम चार बजकर चार मिनट उड़ान भरी। इसरो के अनुसार पीएसएलवी सी–फिफ्टी नाईन उड़ान भरने के अठारह मिनट बाद अपनी निर्धारित कक्षा में पहुंच गया और उसने पांच सौ पैंतालीस किलोग्राम वजन के दो उपग्रहों को पृथ्वी से छह किलोमीटर ऊपर सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया। ये दोनों उपग्रह सूर्य के बाहरी वातावरण का अध्ययन करेंगे।

———————————————————————————————————————

सुपौल के त्रिवेणीगंज थाना का स्थानीय लोगों ने घेराव कर पथराव किया। हमारे संवाददाता ने बताया कि लोग थानाध्यक्ष पर रिश्वत लेकर काम करने का आरोप लगाते हुए उग्र प्रदर्शन करने लगे। बेकाबू भीड़ पर काबू पाने के लिए पुलिस ने बल प्रयोग किया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर पत्थरबाजी भी हुई। घटना के बाद त्रिवेणीगंज बाजार में तनाव की स्थिति बनी हुई है। जगह–जगह अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गई है।

———————————————————————————————————————

पछुआ हवा की रफ्तार तेज होने के साथ ही प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में ठंड में बढोतरी हुयी है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट होगी। अधिकतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। सुबह के समय हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाया रहेगा। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि आठ दिसम्बर को राज्य के दक्षिणी हिस्सों में, जबकि नौ दिसम्बर को राज्य के उत्तर–पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है।

———बाईट———

———————————————————————————————————————

आज विश्व मृदा दिवस है। विश्व खाद्य और कृषि संगठन ने खेती में मिट्टी की महत्ता की ओर ध्यान आकृष्ट करने के लिए इस दिवस की घोषणा की है। इस अवसर पर पटना के बामेती सभागार में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि सरकार किसानों को मिट्टी की

जांच करवाकर उर्वरक के इस्तेमाल को प्रोत्साहन दे रही है। उन्होंने किसानों से खेतों में पराली नहीं जलाने की अपील की।

———बाईट———

विश्व मृदा दिवस पर प्रदेश की सभी पंचायतों में मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया और मिट्टी के स्वास्थ्य के प्रति किसानों को जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किये गए।

———————————————————————————

पटना के चर्चित जेठुली कांड के मुख्य आरोपी उमेश राय को पुलिस ने भारत—नेपाल सीमा से गिरफ्तार कर लिया है। उमेश राय पर पार्किंग विवाद को लेकर पचास राउंड से अधिक गोली चलवाने का आरोप है। गोलीबारी की घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी थी, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये थे।

———————————————————————————

सारण जिले के चांदमारी गांव से पुलिस ने कुख्यात अपराधी अभिषेक कुमार को उसके दो सहयोगियों के साथ गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से दो देशी पिस्तौल बरामद किये गये हैं।

———————————————————————————

किशनगंज पुलिस ने विशनपुर सर्राफा कारोबारी लूटकांड मामले में छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से लूटे गए आभूषण भी बरामद किये गये हैं।

———————————————————————————

मुजफ्फरपुर जिले के सदर थाना क्षेत्र के पताही गांव के हरिटोला में आपसी विवाद में असामाजिक तत्वों ने मां—बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

———————————————————————————

भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र अंतर्गत सक्कडी गांव में एक शादी समारोह के दौरान लगभग बीस राउंड फायरिंग हुई। फायरिंग की इस घटना में एक व्यक्ति को गोली लगी है।

———————————————————————————

बक्सर जिले के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र में एक ट्रैक्टर के अनियंत्रित होकर पलट जाने से दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, पटना जिले के बाढ थाना क्षेत्र अंतर्गत औंटा गांव

में एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार दो युवकों की मौत हो गयी।

———————————————————————————

सुपौल के त्रिवेणीगंज में रतनजोत पौधे का बीज खाने से इक्कीस बच्चे बीमार पड़ गए। सभी को स्थानीय अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। सभी बच्चे खतरे से बाहर हैं।

———————————————————————————

अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान ने आज दरभंगा जिले के केवटी के असराहा खिरमा में अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय का उद्घाटन किया।

———————————————————————————

कैमूर, शेखपुरा और मधुबनी जिला नियोजनालय कार्यालय में श्रम संसाधन विभाग द्वारा बेरोजगार युवाओं के बीच टूल किट और स्टडी किट वितरण किया गया।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव के लिए सैंतालीस दशमलव पांच प्रतिशत मतदान। मतों की गिनती नौ दिसम्बर को।

02. बीपीएससी ने स्पष्ट किया – सत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा में नॉर्मलाइजेशन की व्यवस्था लागू नहीं होगी। छात्रों से किसी बहकावे में नहीं आने की अपील की।

03. आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत मुजफ्फरपुर जिले को स्वास्थ्य, पोषण और कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए देशभर में पहला स्थान मिला।

04. और, पछुआ हवा की रफ्तार तेज होने के साथ ही प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में ठंड में हुई बढोतरी। अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की और होगी गिरावट।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।